# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी १९३४ से




5 युद्ध के मोर्चे और सुरक्षा कवच की फिक्र



6 एक शहर, जिसकी खूबसूरती दिल में बस जाए



7 शिवरात्रि पर 24 साल बन रहा दुर्लभ संयोग



10 मैनचेस्टर टेस्ट में मिल सकती है ध्रुव जुरेल को जगह

## एक नजर में



### पीएम मोदी 23 को रवाना होंगे ब्रिटेन और मालदीव

**नयी दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 जुलाई से 26 जुलाई 2025 तक एक महत्वपूर्ण विदेश यात्रा पर रवाना होंगे. इस दौरान मोदी ब्रिटेन और मालदीव का दौरा करेंगे, जिसका उद्देश्य भारत के व्यापारिक, रणनीतिक और कूटनीतिक संबंधों को नई ऊंचाई तक पहुंचाना है. यात्रा के पहले चरण में 23 और 24 जुलाई को पीएम मोदी ब्रिटेन जाएंगे, जहां भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर होंगे. यह ऐतिहासिक समझौता 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात पर टैरिफ कम करेगा, जिससे भारतीय वस्तुएं ब्रिटिश बाजार में सुलभ हो सकेंगी. वहीं, ब्रिटिश उत्पाद जैसे व्हिस्की और कारें भारतीय बाजार में आसानी से प्रवेश कर पाएंगी.

### आप विधायक अनमोल गगन मान ने दिया इस्तीफा

**नयी दिल्ली.** पंजाब की राजनीति में एक बड़ा मोड़ आया है. खरड़ से आम आदमी पार्टी (आप) की विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री अनमोल गगन मान ने न केवल विधायक पद से इस्तीफा दे दिया है, बल्कि राजनीति से भी संन्यास लेने का ऐलान कर दिया है. उन्होंने यह जानकारी अपने फेसबुक पोस्ट के ज़रिए साझा की, जिसमें उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्होंने भारी मन से यह निर्णय लिया है. अनमोल गगन मान ने लिखा – भारी मन से मैंने राजनीति छोड़ने का फैसला किया है. स्पीकर साहब से निवेदन है कि विधायक पद से दिया गया मेरा इस्तीफा स्वीकार किया जाए. मेरी शुभकामनाएं पार्टी के साथ हैं. मुझे उम्मीद है कि पंजाब सरकार जनता की उम्मीदों पर खरी उतरेगी.

### मणिपुर में गोला-बारूद का बड़ा जखीरा बरामद

**इंफाल.** मणिपुर में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने और कानून व्यवस्था में सुधार के लिए चलाए गए अभियानों के तहत पुलिस ने गोला बारुद का एक बड़ा जखीरा बरामद करने में सफलता हासिल किया है. काकचिंग जिले के अरोंग नोंग्माइखोंग पुलिस थाना अंतर्गत पुमलेन पट के चिंगजाओ द्वीप क्षेत्र से शुक्रवार को जब्त किए गए सामान में नौ मिमी गोला-बारूद के 1,406 राउंड, .303 कैलिबर की 125 राउंड गोलियाँ और सात खाली कारतूस शामिल थे. उन्होंने बताया कि एक अलग अभियान में पुलिस ने बिष्णुपुर जिले के नाम्बोल पुलिस थाना अंतर्गत लीमाराम लमखाई, टिडिम रोड से एक प्रतिबंधित समूह के एक सक्रिय कार्यकर्ता को गिरफ्तार किया.

# टीआरएफ पर बैन से पाक में खलबली

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की बड़ी कूटनीतिक जीत

- अमेरिका की कड़ी कार्रवाई चीन ने भी छोड़ा साथ
- आंतकियों का हुक्का पानी बंद होने के आसार बन गये

**नयी दिल्ली, 19 जुलाई. आतंक के खिलाफ भारत को मिला चीन का समर्थन भारत की बड़ी कूटनीतिक सफलता मानी जा रही है. हाल ही में अमेरिका ने टीआरएफ पर बैन लगाया, जिससे भारत में खुशी का**





**महौल है तो पाकिस्तान में सन्नाटा पसरा हुआ है.**

इस फैसले से पाकिस्तान में आंतकियों का हुक्का पानी बंद होने के आसार बन गये हैं. इस बैन के कारण टीआरएफ से जुड़े देश-विदेश के बैंक अकाउंट सीज होने की संभावना है. आईएसआई और पाकिस्तान सरकार अभी ऑपरेशन सिंदूर की लगी आग से अभी तक ठीक तरीके से बाहर भी नहीं आये उससे पहले चीन ने भी टीआरएफ बैन का समर्थन कर पाकिस्तान को उसके जले पर नमक लगा दिया. चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने बीते दिन इसपर प्रतिक्रिया दर्ज की है.

### चीन ने किया सभी देशों से आतंकवाद खत्म करने का आह्वान



चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा – चीन सभी तरह के आतंकवाद के सख्त खिलाफ है और हम 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले की भी कड़ी निंदा करते हैं. चीन ने सभी क्षेत्रियों से देशों से आतंकवाद खत्म करने और इसके खिलाफ सामूहिक कदम उठाने का आह्वान किया है, जिससे क्षेत्र में शांति और स्थिरता बरकरार रखी जा सके. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर की लगातार कोशिशों और वैश्विक स्तर पर बनाए गए दबाव के चलते अमेरिका ने कश्मीर-केंद्रित आतंकवादी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) को विदेशी आतंकी संगठन (एफटीओ) घोषित कर दिया है. इस फैसले के बाद पाकिस्तान में खलबली मच गई है और वहां के आतंकी नेटवर्कों में हड़कंप मचा हुआ है. पहलगाम हमले के बाद पीएम मोदी ने व्यक्तिगत रूप से टीआरएफ पर बैन को लेकर अमेरिका के साथ उच्चस्तरीय वार्ता की थी. विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने अमेरिकी विदेश विभाग, खुफिया एजेंसियों और संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थिति स्पष्ट की थी. सूत्रों की मानें तो भारत ने टीआरएफ की गतिविधियों के ठोस सबूत अमेरिका को सौंपे, जिसमें आतंक की फंडिंग, पाकिस्तान से प्रशिक्षण, और आतंकी साजिशों की पुख्ता जानकारी शामिल थी.

### अमेरिका का फैसला भारत की बड़ी जीत : थरूर



इस बीच, कांग्रेस सांसद और पूर्व विदेश राज्यमंत्री शशि थरूर ने भी अमेरिका के फैसले को 'भारत की बड़ी जीत' बताया. उन्होंने कहा, यह दर्शाता है कि दुनिया अब पाकिस्तान के झूठे चेहरों को पहचान रही है. मैं पहले ही अमेरिकी अधिकारियों से इस बारे में बात कर चुका था. टीआरएफ को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवादी घोषित करना, भारत के लिए कूटनीतिक सफलता है. जानकारी के मुताबिक, टीआरएफ, लश्कर-ए-तैयबा का ही नया रूप है, जो कश्मीर में युवाओं को भड़काने, सुरक्षाबलों पर हमले और सॉफ्ट टारगेट्स पर आतंकी घटनाओं को अंजाम देने में लगा था. यह संगठन सोशल मीडिया पर लोकल विद्रोह की आड़ में भारत के खिलाफ नफरत फैलाता था. 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद टीआरएफ एक बार फिर रडार पर आया, जिसमें 26 निर्दोष नागरिक मारे गए थे. अब पाकिस्तान बैकफुट पर है. उसका पुराना दावा कि टीआरएफ स्वतंत्र कश्मीरी आवाज है ध्वस्त हो गया है. आतंकी फंडिंग और पाकिस्तान की शह पर पल रहे इन संगठनों पर अब वैश्विक शिकंजा कस रहा है. टीआरएफ पर बैन के साथ ही भारत ने आतंक के खिलाफ एक और निर्णायक जीत दर्ज की है. पीएम मोदी का यह संदेश स्पष्ट है आतंक को पालने वालों को अब बख्शा नहीं जाएगा.

### चीन जैसे देशों को साथ लाने की भारत की कोशिश सफल रही



अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने गुरुवार को टीआरएफ को विदेशी आतंकवादी संगठन (एफटीओ) और विशेष रूप से नामित वैश्विक आतंकवादी (एसडीजीटी) घोषित किया. उन्होंने कहा कि यह कदम अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई और पहलगाम हमले में न्याय की मांग को दर्शाता है. भारत की रणनीति यहीं नहीं रुकी. चीन जैसे देशों को भी साथ लाने की भारत की कोशिश सफल रही.

# एमपी के 10 जिले देश के टॉप 10 जिलों में शामिल

- मामला अटल पेंशन के लिये पंजीयन कराने का
- बालाघाट जिला देश में सबसे अव्वल

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 19 जुलाई. अटल पेंशन योजना में अधिक से अधिक असंगठित क्षेत्र के लोगों को जोड़ने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा इस वर्ष एक मई से 15 जुलाई तक पूरे देश में विशेष अभियान चलाया गया.**

इस अभियान में नए लोगों को जोड़ने और उनका पंजीयन कराने में मप्र के 10 जिलों ने देश के टॉप टेन जिलों में स्थान बनाया है. इसमें बालाघाट जिले ने देश में प्रथम स्थान हासिल किया है. यह उपलब्धि राज्य के साथ ही बालाघाट के लिए भी बड़ी उपलब्धि है. इस अभियान का फाइनल स्कोर पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण के द्वारा 18 जुलाई को जारी किया गया.

इस अभियान में बालाघाट जिले ने 2992 लक्ष्य के विरूद्ध 12 हजार 507 लोगों को अटल पेंशन योजना से जोड़कर 418 प्रतिशत उपलब्धि हासिल किया है.

श्योपुर जिले ने 836 के विरूद्ध 2538 लोगों को जोड़कर 304 प्रतिशत उपलब्धि के साथ दूसरे, अलीराजपुर जिले ने 880 के विरूद्ध 1705 लोगों को जोड़कर 194 प्रतिशत उपलब्धि के साथ तीसरे, उज्जैन जिले ने 5676 के विरूद्ध 10813 लोगों को जोड़कर 191 प्रतिशत उपलब्धि के साथ चौथे, अनूपपुर जिले ने 1342 के विरूद्ध 2542 लोगों को जोड़कर 189 प्रतिशत उपलब्धि के साथ पांचवे, उमरिया जिले ने 990 के विरूद्ध 1819 लोगों को जोड़कर 184 प्रतिशत उपलब्धि के साथ छटवें, छिंदवाड़ा जिले ने 4994 के विरूद्ध 9148 लोगों को जोड़कर 183 प्रतिशत उपलब्धि के साथ सातवें, डिंडोरी जिले ने 946 के विरूद्ध 1720 लोगों को जोड़कर 182 प्रतिशत उपलब्धि के साथ आठवें, शहडोल जिले ने 1936 के विरूद्ध 3445 लोगों को जोड़कर 178 प्रतिशत उपलब्धि के साथ नौवें और दमोह जिले ने 1870 के विरूद्ध 3314 लोगों को जोड़कर 177 प्रतिशत उपलब्धि के साथ देश में दसवां स्थान हासिल किया है.

# गिरे थे पांच फाइटर जेट युद्ध हमने टलवाया : ट्रंप

**नयी दिल्ली, 19 जुलाई. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर दावा किया है कि भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे हालात को उन्होंने रोका था. उन्होंने कहा कि भारत द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद दोनों देशों में हालात गंभीर हो गए थे.**

ट्रंप ने कहा, हमने कई युद्ध रोके, भारत-पाक के बीच विमान गिराए जा रहे थे, मुझे लगता है कि पांच फाइटर जेट्स मार गिराए गए थे. हालांकि ट्रंप ने यह नहीं बताया कि ये विमान किस देश के थे या किसने किसके विमान गिराए. हालांकि ट्रंप ने यह स्पष्ट नहीं किया



कि ये फाइटर जेट किस देश के थे, या किसने किसके विमान गिराए. उनका यह बयान कुछ हद तक अनुमान और प्रभावशाली अंदाज में दिया गया प्रतीत होता है. उन्होंने कहा, हमने कई युद्ध रोके, और ये मामूली युद्ध नहीं थे. भारत और पाकिस्तान के बीच विमान गिराए जा रहे थे.

### गूगल और मेटा को ईडी का नोटिस, कल पूछताछ

**नयी दिल्ली.** प्रवर्तन निदेशालय ने अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग और हवाला लेनदेन के मामलों की जांच के तहत गूगल और मेटा को नोटिस भेजा है. ईडी ने दोनों कंपनियों के प्रतिनिधियों को 21 जुलाई को पूछताछ के लिए तलब किया है. आरोप है कि इन तकनीकी कंपनियों ने जुए और सट्टेबाजी जैसे अवैध ऐप्स को अपने प्लेटफॉर्म पर विज्ञापन के लिए प्रमुख स्थान दिए, जिससे इनकी पहुंच और अवैध कमाई में वृद्धि हुई. ईडी का कहना है कि यह नेटवर्क निर्दोष लोगों से ठगी कर करोड़ों की काली कमाई कर रहा है.

### 9 को उम्रकैद की सजा

**नयी दिल्ली.** भारत में साइबर अपराध के इतिहास में फैसला सुनाते हुए एक नया अध्याय जुड़ा है. पश्चिम बंगाल की कल्याणी कोर्ट ने देश में पहली बार 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर ठगी करने वाले 9 साइबर अपराधियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है. यह फैसला 6 नवंबर 2024 को रानाघाट के सेवानिवृत्त कृषि वैज्ञानिक पार्थ कुमार मुखर्जी से 1.1 करोड़ रुपये की ठगी के बाद लिया गया. गिरोह ने व्हाट्सएप वीडियो कॉल पर खुद को फर्जी पुलिस/सीबीआई अधिकारी बताकर उन्हें सात दिन तक डिजिटल अरेस्ट के भय में रखा. आरोपियों में मोहम्मद इम्तियाज अंसारी, शाहिद अली शेख, शाहरुख रफीक शेख, जतिन अनूप लडवाल, रोहित सिंह, रूपेश यादव, साहिल सिंह, पठान सुमैया बानो (एकमात्र महिला) और फाल्दु अशोक शामिल हैं. सभी महाराष्ट्र, हरियाणा और गुजरात से गिरफ्तार किए गए. पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि इस गिरोह ने देशभर के 108 लोगों से लगभग 100 करोड़ रुपये की साइबर ठगी की है.

# 6 नक्सली नारायणपुर मुठभेड़ में ढेर

## अबूझमाड़ के जंगलों में चला सर्च ऑपरेशन

**नयी दिल्ली, 18 जुलाई. छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ के सघन जंगलों में शुक्रवार को सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच जोरदार मुठभेड़ हुई. मिली सूचना के आधार पर चले सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षाबलों पर नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी. जवाबी कार्रवाई में अब तक 6 नक्सलियों के शव बरामद किए जा चुके हैं.**

घटनास्थल से एके-47, एसएलआर राइफलें, विस्फोटक



और दैनिक उपयोग की वस्तुएं जब्त की गई हैं. इलाके की सघन घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन अभी भी जारी है. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस सफलता के लिए जवानों को बधाई दी और कहा कि 'नक्सलमुक्त छत्तीसगढ़' का संकल्प और मजबूत हुआ है.

उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद खत्म करने का लक्ष्य है. इस वर्ष छत्तीसगढ़ में नक्सल विरोधी अभियानों में कई टॉप नक्सली कमांडर मारे गए हैं, जिनमें 21 मई 2025 को 28 नक्सलियों के साथ महासचिव बसवराजू, और 25 लाख का इनामी जंगू नवीन उर्फ मधु शामिल हैं. साथ ही 21 जनवरी 2025 को जयराम उर्फ चलपति, 1 करोड़ का इनामी नक्सली भी मारा गया.


**बार्सिलोना में बोले सीएम डॉ. यादव** | बार्सिलोना में भारतीयों के अपनेपन से उज्जैन की अनुभूति

# मेडिकल कॉलेज के लिए एक रुपये में जमीन

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 19 जुलाई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश अब केवल संभावना नहीं, बल्कि निवेश का सशक्त मंच बन चुका है. वह बार्सिलोना में प्रवासी भारतीयों और फ्रेंड्स ऑफ एमपी के बीच आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे.**

उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब विकास और निवेश साथ-साथ चल रहे हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विदेश में बसे भारतीय केवल नागरिक ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति के संवाहक भी हैं. उन्होंने कहा कि बार्सिलोना में



भारतीयों का जो अपनापन दिखा, वह उन्हें उज्जैन की अनुभूति कराता है. भारतीय जहां भी जाते हैं, वहां परंपरा और पर्वों की गरिमा बढ़ाते हैं.उन्होंने कहा कि यह केवल एक संवाद नहीं, बल्कि हृदय से हृदय का जुड़ाव है. सरकार निवेश को केवल आर्थिक लेन-देन नहीं मानती, बल्कि उसे भावनात्मक और दीर्घकालिक भागीदारी का माध्यम मानती है. इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बार्सिलोना में आप सभी का उत्साह देखकर लग रहा है कि मैं उज्जैन में हूं. काउंसल जनरल इनबासेकर सुंदरमूर्ति के प्रभावशाली भाषण ने दिखा दिया है कि स्पेन के प्रवासी भारतीय आज भी अपनी मिट्टी से जुड़े हुए हैं. ईश्वर ने भारतीयों को यश दिया है कि जहां चाहें उसे ही स्वर्ग बना देते हैं. महाकाल की नगरी उज्जैन का गौरवशाली इतिहास रहा है. भारतीयों को देखकर लोग होली-दिवाली मना लेते हैं. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतवंशियों की प्रतिष्ठा बढ़ी है. भारतीय, दूध में शक्कर की तरह घुल-मिल जाते हैं.